दिन–मंगलवार दिनांक– 21/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्रों की आज जाँच की जा रही है। इस चरण के तहत ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चरण के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उम्मीदवार तेईस अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले और मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले सभी प्रिंट विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से पूर्व–प्रमाणन प्राप्त करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि निष्पक्ष प्रचार का वातावरण सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। बिहार में पहले चरण के लिए पांच और छह नवंबर, तथा दूसरे चरण के लिए दस और ग्यारह नवंबर को प्रतिबंधित दिन है। आयोग ने कहा है कि राजनीतिक विज्ञापनों के लिए आवेदकों को विज्ञापन की प्रस्तावित तिथि से कम से कम दो दिन पहले राज्य और जिला स्तर पर समिति को आवेदन जमा करना होगा।

———————————————————————

सासाराम सीट से राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। ये गिरफ्तारी झारखंड के गढ़वा जिला पुलिस ने सासाराम पुलिस की मदद से की। गिरफ्तारी के बाद सत्येन्द्र साह को गढ़वा लाया गया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। बाद में सत्येन्द्र साह को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सत्येंद्र साह पर गढ़वा के चिरौंजिया मोड़ स्थित बैंक में डकैती का आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ दो हजार अठारह में स्थायी वारंट जारी हुआ था। रोहतास के एसडीपीओ कुमार वैभव ने बताया, पुलिस रिकॉर्ड में सत्येंद्र साह के खिलाफ लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट और धमकी जैसे बीस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुजफ्फरपुर के मीनापुर और कांटी विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री कुमार

का मीनापुर के हाई स्कूल मैदान और कांटी के खेल मैदान में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा करने का कार्यक्रम है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौय ने कहा है कि बिहार की जनता ने चुनाव में एनडीए की जीत की कहानी लिख दी है। आज पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मिलने वाली जीत बिहार के इतिहास में एनडीए की सबसे बड़ी जीत होगी।

———————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि महागठबंधन के घटक दल निजी स्वार्थ की पूर्ति में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद के कारण घटक दलों के प्रत्याशी कई सीटों पर एक दूसरे के आमने–सामने हैं। गयाजी में पत्रकारों से बातचीत में श्री मांझी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत मिलने जा रहा है।

———————————————————————

पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि महागठबंधन को बिहार के लोगों का आपार जनसमर्थन मिल रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि राज्य में अगले सरकार महागठबंधन की ही बनेगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों की एकजुटता महागठबंधन के सभी दलों को एक जुट कर देगी।

———————————————————————

आज पुलिस स्मृति दिवस है। उन्नीस सौ उनसठ में इसी दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में दस बहादुर पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्रियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इधर, पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं, विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में कर्तव्य के निर्वहन के दौरान वीरगति प्राप्त पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।